# सतना से चित्रकूट तक 'अवैध प्लाटिंग' का खूनी जाल

*मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट और जिले का मुख्यालय सतना, आज विकास की नहीं बल्कि 'अवैध कॉलोनाइजेशन' की भेंट चढ़ रहे हैं। जहाँ एक ओर धर्म और आस्था की गूँज होनी चाहिए थी, वहां आज भारी मशीनों की गड़गड़ाहट और भू-माफियाओं के रसूख का शोर सुनाई दे रहा है।*

सतना/चित्रकूट।

शासन के कड़े निर्देशों के बावजूद सतना नगर निगम और राजस्व विभाग की कुंभकर्णी नींद यह बताने के लिए काफी है कि माफियाओं के हाथ प्रशासन की फाइलों से भी लंबे हैं।

### नगर निगम की नाक के नीचे करोड़ों का चूना

सतना शहरी क्षेत्र के चारों ओर अवैध प्लाटिंग का जाल मकड़ी की तरह फैल चुका है। आलम यह है कि बिना किसी नक्शा पास कराए, बिना रेरा पंजीकरण और बिना टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति के उपजाऊ जमीनों के सीने पर अवैध सड़कें बिछाई जा रही हैं।

### राजस्व को चपत

नगर निगम के अधिकारी एयरकंडीशंड कमरों में बैठकर फाइलों का वजन तोल रहे हैं, जबकि मौके पर जाकर कार्रवाई न करने के कारण निगम को करोड़ों रुपये के टैक्स (विकास शुल्क) का चूना लग रहा है।

### मौन सहमति

जानकारों का कहना है कि जब तक निर्माण कार्य चलता है, जिम्मेदार अधिकारी 'मौन' रहते हैं, जो उनकी मिलीभगत की ओर सीधा इशारा करता है।

### चित्रकूट: कलेक्टर की साख भी खतरे में!

हैरानी की बात यह है कि चित्रकूट में 'कलेक्टर प्रबंधक' के नाम दर्ज कामतानाथ मंदिर की आराजी भूमि भी इन भू-माफियाओं के अतिक्रमण से अछूती नहीं है।

### जांच में हुआ बड़ा खुलासा

नायब तहसीलदार चित्रकूट कमलेश सिंह भदौरिया द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट ने माफियाओं और सरकारी तंत्र के गठजोड़ की कलई खोल दी है। क्षेत्र में कम से कम 43 ऐसे भू-कारोबारी चिह्नित किए गए हैं जिनके पास न लाइसेंस है, न डायवर्जन। माफियाओं ने नाली, सड़क और सार्वजनिक रास्तों तक को प्लॉट बताकर बेच डाला है। एसडीएम मझगवां और आईएएस अधिकारी महिपाल सिंह गुर्जर को भेजी गई रिपोर्ट में तत्काल प्रतिबंध की अनुशंसा की गई थी, लेकिन दो सप्ताह बाद भी फाइलें धूल फांक रही हैं।

### कानूनी जाल में फंसेगा आम आदमी

माफिया तो प्लॉट बेचकर चंपत हो जाएंगे, लेकिन असल मुसीबत उस आम आदमी की है जिसने अपनी जीवनभर की पूंजी इन अवैध भूखंडों में लगा दी है। रजिस्ट्री होने के कारण स्थानीय अदालतें इन्हें सीधे निरस्त नहीं कर पातीं, जिससे नामांतरण तो हो जाता है, लेकिन बाद में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए खरीदार सालों तक कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटता रह जाता है। यदि समय रहते इन पर बुलडोजर नहीं चला, तो आने वाले समय में ये क्षेत्र जलभराव और ट्रैफिक जाम के नरक बन जाएंगे।

### प्रमुख हॉटस्पॉट जहाँ सक्रिय हैं माफिया

कामता, नयागांव, कामदगिरि बायपास, अक्षयवट, हनुमानधारा मार्ग, अगस्त्य पर्वत, अंगद पर्वत, मोहकम गढ़, रजौला, अनुसुइया मोड़, परसेतवा है। क्या प्रशासन केवल कागजों पर 'टाइगर' बना रहेगा या जमीन पर भी कोई ठोस कार्रवाई दिखेगी? क्या सतना के जिम्मेदार अधिकारी यह बताने की जहमत उठाएंगे कि आखिर किसके दबाव में करोड़ों के राजस्व की हानि और आस्था की नगरी का विनाश सहा जा रहा है? अब निगाहें प्रशासन पर हैं कार्रवाई होगी या फाइलें फिर से रसूखदारों की अलमारियों में दफन हो जाएंगी?

## खबर संक्षेप

### आज मैहर बंद का आह्वान

**मैहर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के कथित काले कानून के विरोध में 1 फरवरी को मैहर बंद को लेकर सवण समाज द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से अपील की गई। इस दौरान लोगों से आग्रह किया गया कि बंद को पूरी तरह अहिंसक एवं अनुशासित ढंग से सफल बनाया जाए। कार्यक्रम में सवण समाज के अनेक वरिष्ठ एवं समाजसेवी मौजूद रहे। विरोध प्रदर्शन में विश्वनाथ तिवारी, विष्णुधर उर्मलिया, सुरेंद्र तिवारी, दीपक अग्रवाल अरविंद अग्रवाल, राजीव शुक्ला, अशोक गुप्ता, राजाराम गुप्ता, रमेश त्रिपाठी, शंकरधर पियासी, रामसिंह बुंदेला, रामप्रकाश गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने जरूरतमंदों को हेलमेट वितरण किया



**मैहर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 खेरवासानी टोल प्लाजा पर एन.एच.ऐ.आई एवं यातायात पुलिस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह एवं एन एच ऐ आई के पदाधिकारी पी डी द्वारा एनएचऐआई के वॉलेंटियर्स और जन सामान्य को रोड सेफ्टी के विषय में समझाईश एवं दिशा निर्देश दिए गए पौधरोपण किया गया साथ ही वॉलेंटियर्स को अच्छा काम करने के लिए प्रशस्तिपत्र, उपहार तथा आम नागरिकों को हेलमेट आदि का वितरण किया गया इस अवसर पर यातायात प्रभारी मैहर विक्रम पाठक, अमदरा थाना पुलिस और पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### सतना में हाईटेक सिस्टम के बावजूद घरों में पहुँच रहा 'जहरीला' पानी

**सतना।** शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। करोड़ों की लागत से लगे स्कॉडा सिस्टम के बावजूद सतना के दर्जनों वार्डों में पिछले एक सप्ताह से गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है। इससे न केवल नागरिकों में आक्रोश है, बल्कि जलजनित बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है।

**प्रभावित इलाके और नागरिकों की समस्याएं-** सर्वाधिक प्रभावित वार्ड क्रमांक 43, 44 और 45 (टिकुरिया टोला) में स्थिति बेहद गंभीर है। अन्य क्षेत्र: राजेंद्रनगर, कृष्णनगर, जीवनज्योति कॉलोनी, कंवरराम क्षेत्र और हनुमान नगर नई बस्ती (वार्ड 15 से 18) में पिछले 15दिनों से दूषित पानी आ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नलों से आने वाले पानी में इतनी दुर्गंध है कि उसे पीना तो दूर, घरेलू काम में लाना भी मुश्किल है।

**अधिकारियों का रुख-** मामला गरमाने के बाद नगर निगम के सहायक यंत्री रोजल प्रताप सिंह ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। हालांकि, उन्होंने प्लांट से निकलने वाले पानी को शुद्ध बताया है। निगम का अनुमान है कि शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से सीवेज का पानी पेयजल में मिल रहा है। प्रशासन ने जल्द सुधार का आश्वासन दिया है।



## कचरा प्रबंधन पर बच्चों ने उकेरी कलाकृतियां, पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने चेताया-'प्लास्टिक मुक्त भविष्य जरूरी'

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार, जैवविविधता प्रबंधन समिति पिथौराबाद द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटरा में कचरा प्रबंधन विषय पर एक भव्य ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.राजेश तिवारी जिला समन्वयक, जन अभियान परिषद ने कहा कि आज भौतिक कचरे के साथ-साथ 'सोशल मीडिया रूपी कचरा' हमारे विचारों को प्रदूषित कर रहा है। उन्होंने नशे की बढ़ती लत पर चिंता जताते हुए युवाओं को अपनी सनातनी संस्कृति और विकास से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने चेतावनी दी कि यदि हम अभी सचेत नहीं हुए, तो भविष्य में हमारे प्राकृतिक स्रोत सिर्फ प्लास्टिक कचरे से भरे होंगे। उन्होंने लोगों से बाजार जाते समय कपड़े का थैला साथ ले जाने और 'डिस्पोजेबल' वस्तुओं का बहिष्कार करने की अपील की। शिक्षक अशोक कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में यशोदा कुशवाहा ने प्रथम, प्रमोद चर्मकार ने द्वितीय और सेजल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों द्वारा मद्यपान निषेध (नशा मुक्ति) की शपथ के साथ हुआ। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य प्रेमलाल वर्मा और कृषि विशेषज्ञ भैरव साइनी (पश्चिम बंगाल) ने भी कचरा निष्पादन पर तकनीकी जानकारी साझा की।

# सिटी कोतवाली में गुंडा-बदमाशों की परेड, सोशल मीडिया पर कट्टा लहराने वाला युवक गिरफ्तार





सतना।

नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन पर शनिवार को सिटी कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के सूचीबद्ध गुंडा-बदमाशों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। पुलिस ने अपराधियों को थाने बुलाकर उनकी मौजूदा गतिविधियों की जांच की और उन्हें मुख्यधारा में लौटने की कड़ी हिदायत दी।

### 45 बदमाशों की हुई परेड, टीआई ने दी समझाइश

थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित इस परेड में लगभग 45 गुंडा-बदमाश और पुराने हिस्ट्रीशीटर शामिल हुए। पूछताछ के दौरान थाना प्रभारी ने कई बिंदुओं पर जांच की। बदमाशों के वर्तमान गुजर-बसर (आजीविका) के साधन क्या हैं? क्या वे वर्तमान में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हैं? टीआई द्विवेदी ने सभी को स्पष्ट चेतावनी देते हुए समझाइश दी कि वे अपराध का रास्ता पूरी तरह छोड़कर एक अच्छे इंसान बनें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ें। इस मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर टशन दिखाना पड़ा भारी, युवक गिरफ्तार

इसी दौरान सिटी कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन करने वाले एक युवक को भी दबोचा है। आरोपी सूरज चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी बजरहा टोला है। आरोपी ने सोशल मीडिया पर कट्टा लहराते हुए एक वीडियो वायरल किया था। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

## सीएमओ एवं नगर पालिका अध्यक्ष पर वार्ड नं.14 से सौतेले व्यवहार के लग रहे आरोप, वार्डवासियों में भारी आक्रोश

मैहर।

नगर पालिका परिषद मैहर में वार्ड क्रमांक 14 के साथ सौतेला व्यवहार किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि वार्ड की पार्षद कांग्रेस पार्टी से निर्वाचित हैं, इसी कारण वार्ड को जानबूझकर विकास और सफाई कार्यों से वंचित रखा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड में बीते चार महीनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नालियों की सफाई बंद पड़ी है, सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है और कचरा कई-कई दिनों तक नहीं उठाया जा रहा। हालात ऐसे हैं कि सूखे मौसम में भी बरसात से बदतर स्थिति बनी हुई है। वार्डवासियों का आरोप है कि कागजों में भले ही वार्ड क्रमांक 14 के लिए दो से ढाई करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए जा चुके हों, लेकिन जमीनी हकीकत यह है



कि आज तक वार्ड में एक रुपये का भी काम शुरू नहीं हुआ। न तो नाली निर्माण हुआ, न सड़क, न ही सफाई व्यवस्था को मजबूत किया गया। रहवासियों ने बताया कि नालियों की सफाई के लिए एक युवक को लगाया गया था, लेकिन उसे भी तीन दिन बाद हटा दिया गया। वर्तमान में पूरे वार्ड में नाली साफ करने वाला एक भी कर्मचारी नहीं है। केवल एक महिला कर्मचारी झाड़ू लगाने का कार्य कर रही है, जिससे पूरे वार्ड की सफाई असंभव हो गई है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका की इस उदासीनता के पीछे राजनीतिक द्वेष साफ दिखाई देता है। सीएमओ एवं नगर पालिका अध्यक्ष पर वार्ड की उपेक्षा करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। वार्डवासियों में आक्रोश है और यह चर्चा आम है कि कांग्रेस की पार्षद होने की सजा जनता को दी जा रही है। स्थिति से त्रस्त वार्ड क्रमांक 14 के नागरिकों ने अब एकजुट होकर निर्णय लिया है कि यदि शीघ्र ही सफाई और विकास कार्य शुरू नहीं किए गए, तो वे माननीय कलेक्टर के समक्ष शिकायत लेकर जाएंगे और आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## आरपीएफ और लोको की शानदार जीत, सुधीर और ओमप्रकाश बने 'मैन ऑफ द मैच'

सतना।

रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल प्रतियोगिता में शनिवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में लोको ने रीवा कैरिज वेगन को 29 रनों से हराया, वहीं दूसरे मैच में आरपीएफ+जीआरपी की टीम ने टीआरडी पर 8 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की।




### पहला मैच: लोको बनाम रीवा कैरिज वेगन

लोको ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 118 रन बनाए, जिसमें आशुतोष (52) और गौतम (32) का मुख्य योगदान रहा। रीवा की ओर से राकेश ने 5 और पुनीत वर्मा ने 3 विकेट लिए। जवाब में रीवा कैरिज वेगन 89 रनों पर ही सिमट गई। लोको के ओमप्रकाश ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

### दूसरा मैच: आरपीएफ + जीआरपी बनाम टीआरडी

टीआरडी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 71 रनों पर ढेर हो गई। आरपीएफ की ओर से सुधीर ने 4 और कार्तिक ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरपीएफ+जीआरपी की टीम ने 8वें ओवर में ही 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। सुधीर कुमार को उनके शानदार स्पेल के लिए 'मैन ऑफ द मैच' दिया गया।

### कल के मुकाबले

मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी के अनुसार, कल का पहला मैच रीवा वॉरियर्स बनाम कमर्शियल (सुबह 10: 00 बजे) और दूसरा मैच ऑपरेटिंग बनाम रेलवे 11 (दोपहर 1:00 बजे) के बीच खेला जाएगा।

## बहाली के बाद फिर 'टल्ली' होकर स्कूल पहुंचे हेड मास्टर, नशे में शिक्षकों से की अभद्रता



**सतना।** जिले के उचेहरा विकासखंड अंतर्गत परसमनिया पहाड़ी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल कुरेही के हेडमास्टर जयपाल दिनकर एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। दो महीने पहले शराब के नशे में सड़क किनारे बेसुध पाए जाने पर सस्पेंड हुए हेडमास्टर ने बहाल होते ही दोबारा वही हरकत दोहरा दी। शुक्रवार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें हेडमास्टर नशे की हालत में स्कूल के अन्य शिक्षकों के साथ अमर्यादित भाषा में बहस करते दिख रहे हैं। बता दें कि 25 नवंबर 2025 को भी नशे में धुत रहने के कारण उन्हें तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित किया था। हाल ही में बहाली के बाद उन्हें दोबारा उसी स्कूल का प्रभार सौंप दिया गया। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि ऐसे गैर-जिम्मेदार रवैये वाले शिक्षक को दोबारा प्रभार देना शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। फिलहाल, इस ताज़ा वीडियो के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से औपचारिक कार्रवाई का इंतज़ार है।

## हिंदू पर्व समन्वय समिति के 'श्रीराम दरबार शक्तिकेन्द्र' की बैठक आयोजित

### शोभा यात्रा मार्ग को भव्य सजाने और स्वच्छता बनाए रखने का लिया गया संकल्प

सतना।

हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में श्रीराम नवमी शोभायात्रा के भव्य और सार्थक आयोजन हेतु तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में 'श्रीराम दरबार शक्तिकेंद्र' के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 36,40 एवं 41 की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। साज-सज्जा के साथ स्वच्छता का संकल्प बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान राम की शोभायात्रा, जो वार्ड 36 से शुरू होकर वार्ड 41 होते हुए वार्ड 40 में समाप्त होती है, उस पूरे मार्ग को अभूतपूर्व रूप से सजाया जाएगा। विशेष बात यह रही कि समिति ने यात्रा समापन के पश्चात मार्ग की साफ-सफाई करने का भी सामूहिक संकल्प लिया है, ताकि भक्ति के साथ-साथ स्वच्छता का संदेश भी समाज में जाए। अयोध्या से आएगी धर्मध्वजा संयोजक उत्तम बेनर्जी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए शक्तिकेंद्र योजना और अबकी बार हर परिवार के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जानकारी दी कि सतना से




रामभक्तों की एक विशेष टीम अयोध्या रवाना हो चुकी है। वहां भगवान श्रीराम के चरणों में धर्मध्वजा स्पर्श कराकर उसे सतना लाया जाएगा। इस पवित्र ध्वज को सभी 9 शक्ति केंद्रों के 45 वार्डों में 'ध्वज यात्रा' के माध्यम से घुमाया जाएगा और शहरवासियों को शोभायात्रा का आमंत्रण दिया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ से हुई। समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने सभी का स्वागत किया। बैठक का कुशल संचालन हरिओम गुप्ता ने किया और अंत में आभार प्रदर्शन दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयोजक उत्तम बेनर्जी, रमेश जैन, रामावतार चमड़िया सहित पार्षद रमेश शुक्ला, पीके जैन, सविता गुप्ता एवं भारी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे। बैठक में हरिओम गुप्ता, तृप्ति विश्वकर्मा, उषा गुप्ता, विभा पांडे, नवीन गुप्ता, अनमोल गुप्ता, आशीष अग्रवाल, अभिषेक जैन और अन्य कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

**खबर संक्षेप**

## नगर पंचायत द्वारा वार्ड नंबर 7 की नली सफाई अभियान जोरों पर



**पवई।** पन्ना कटनी मुख्य मार्ग के वार्ड नंबर 07 पर नगर परिषद् पवई द्वारा नाली सफाई जोरों पर है नाली निर्माण से लगभग 10 वर्षों बाद मुख्य मार्ग की इस नाली की सफाई हो रही है जो काफी प्रशंसनीय है। नाली जाम होने की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था साथ ही सड़क के फुटपाथ पर पानी के कारण कीचड़ सा लगा रहता था पर नगर परिषद् के नाली सफाई अभियान से कही न कही आम जनमानस में भूरि भूरि प्रशंसा हो रही है।

## पवई तहसील के खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था, खुले आसमान के नीचे पड़ा किसानों का अनाज



**तीन महीनों पूर्व बेचीं गई फसल का आज तक नहीं हुआ भुगतान।**

**पवई।** पवई तहसील में बनाए गए 5 धान खरीदी केंद्रों करही, मुराछ, पड़रियाकला, कृष्णगढ़ बिरसिंहपुर एवं बडखेरा खरीदी केन्द्रो पर परिवहन व्यवस्था की अत्यंत धीमी गति के कारण तुलाई बंद हुए 11 दिन से अधिक का समय बीत चुका है। लेकिन किसानों का अनाज आज भी खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। खुले में रखे अनाज के कारण उसके खराब होने की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। मौसम में बदलाव या नमी आने की स्थिति में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासनिक लापरवाही पर जाती दिखाई दे रही है। वहीं दूसरी ओर, परिवहन नहीं होने के कारण महीनों बीत जाने के बावजूद किसानों के खातों में फसल विक्रय की राशि जमा नहीं हो पाई है। भुगतान में हो रही देरी से किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। मजबूरी में किसान लगातार खरीदी केंद्रों और बैंकों के चक्कर काटने को विवश हैं। लेकिन समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं निकल पा रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र परिवहन व्यवस्था सुचारु कराई जाए, खुले में पड़े अनाज का सुरक्षित भंडारण कराया जाए तथा लंबित भुगतान जल्द से जल्द उनके खातों में डलवाया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

## कृषक कल्याण वर्ष का करें प्रभावी क्रियान्वयनः मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**पन्ना।** सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है। कृषि वर्ष के आयोजन और प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समस्त जिलों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी वीसी कक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष के दौरान किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। किसान रथ चलाए जाएं। इनका शुभारंभ स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य जन प्रतिनिधियों से ही कराएं। उन्होंने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में किसानों से विभिन्न स्थानों पर निरंतर संवाद करें। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करें। जलवायु, ऊर्जा एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए ई-विकास पोर्टल एवं किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग के लिए जागरूक किया जाए। दलहनी और तिलहनी फसलों का उत्पादन क्षेत्र बढ़ाने के लिए भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

# पी.एम. श्री शासकीय हाई स्कूल कुंजवन में वार्षिक खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



**पन्ना।** छात्र-छात्राओं को षिक्षा में दक्षता के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी प्रतिभाओं को तरासने का कार्य जहां विद्यालय स्तर से ही किया जाता है इसी कड़ी में पी.एम. श्री शासकीय हाइ स्कूल कुंजवन में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 30 व 31 जनवरी 2026 को जिसमें कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में क्रिकेट, कबड्डी, जलेबी जम्प, कुंसी दौड़ एवं अन्य गतिविधियों का विद्यालय के प्राचार्य रजा खान के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। जिसमें समीम खांन पीटीआई शाहनगर के द्वारा विधिवत खेलों के प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं का मागदर्षन व खेलों के सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। गौरतलबबात यह है कि पूर्व सरपंच कुंजवन प्रताप विष्वास एवं गणमान्य नागरिक खेल प्रतिगिता कार्यक्रम में विषेतौर पर उपस्थित रहे वहीं विद्यालीन षिक्षक षिक्षिकाओं ने जहां खेलों के आयोजन में छात्र.-छात्राओं का हौसला अफजाई के साथ-साथ अपने दायित्व निर्वाहन का दायित्व भी निभाया जिसमें प्रषांत कुमार गुप्ता, श्रीमती मंजुषा शर्मा, श्रीमती प्रीती खरे, श्रीमती सकुंन्ता यादव, श्रीमती शाधना गुप्ता, श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, श्रीमती शैलजा खरे (क्रीणा प्रभारी), श्रीमती आरती चतुर्वेदी आदि सभी षिक्षिकों ने खेलों के प्रतियोगिता में महति भूमिका निभाई इसके साथ-साथ व्यवसायिक षिक्षक का दायित्व निभा रहे अमित प्यासी, अमित सिंह परमार, कु0 समीता शर्मा एवं श्रीमती कंचन त्रिपाठी साथ ही षिक्षक सुनील वर्मा एवंज न षिक्षक राकेष कुमार तिवारी व देव सिंह की भूमिका भी इस आयोजन में जहां अपने दायित्वों को लेकर महत्वपूर्ण रही। इस तरह से पीएम श्री शाासकीयस हाई स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता हुई सम्पन्न।

## दुष्कृत का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल, पीडित महिला की रिपोर्ट पर हुई कार्यवाही




**पवई।** को पीड़िता के द्वारा थाना पवई में आकर ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी के द्वारा उसके साथ जबरदस्ती कई बार दुष्कृत किया गया है जिसकी सूचना पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 33/26 धारा 64(2)उ, 351(3) ठछै पंजीबद्ध किया गया था । प्रकरण महिला संबंधी एवं गंभीर प्रकृति का होने से पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के द्वारा थाना प्रभारी पवई सुशील कुमार अहिरवार को तत्परता से कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व में एक टीम गठित कर आरोपी को दिनांक 30/01/26 को गिरफ्तार किया गया है जिसका मेडिकल परीक्षण होने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी को उप जेल पवई भेज दिया गया है।

**महत्वपूर्ण भूमिका** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, महिला उप निरीक्षक सरिता तिवारी, सहायक उप निरीक्षक आनंद मोहन, प्रधान आरक्षक अनिल गर्ग, आरक्षक मनोज अहिरवार, महिला आरक्षक विनीति सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हर्ष और उल्लास के साथ संत रविदास जयंती का समारोह



**गुनौर।** संत रविदास जयंती समारोह अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की भांति है इस वर्ष शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती का आयोजन किया जा रहा है दिनांक 1 फरवरी 2026 दिन रविवार को रात्रि जागरण का बाहरी कलाकार द्वारा रखा गया है जिसमें झारखंड रामधन बैटरी 31 जनवरी 2026 शनिवार शांति भंडारा 1 फरवरी 2017 रविवार जलविहार 2 फरवरी 2026 सोमवार रविदास की जयंती सिली तिराहा संत रविदास वार्ड नंबर 4 जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महासचिव मनीराम चौधरी सदस्य गुड्डा चौधरी अध्यक्ष सुरेश चौधरी उपाध्यक्ष पूरनलाल चौधरी के उपलक्ष में कार्यक्रम रखा गया है। वहीं तारा झरकुंआ में मनाई गई संत शिरोमणि रविदास महाराज की 649वीं जयंती ग्राम पंचायत तारा झरकुंआ में मनाई गई संत त्रिवेणी रविदास महाराज जी की जयंती कार्यक्रम भंडारे का हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा नेता जितेंद्र सिंह जाटव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक सुदर्शन अहिरवार ने की सर्वप्रथम संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह जाटव ने अपने विचार रखते थे कहा संत शिरोमणि रविदास जी ने कहा है कि ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न छोटे बड़े सब सम रहे। रहे रविदास प्रसन्न ।ष्मन चंगा तो कठौती में गंगाष जैसे महान विचार समाज को दिए हैं आज समाज में भाईचारे की जरूरत है और हमें सामाजिक एकता बनाकर रखनी है साथी अपने बच्चों को पढ़ना है क्योंकि शिक्षा ही वह शेरनी का दूध है जो भी पिएगा दहाड़ेगा हम अपने समाज का भला शिक्षा के माध्यम से ही कर सकते हैं जयंती कार्यक्रम में सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य आयोजन करता रहे बृजेंद्र अहिरवार ,करण अहिरवार, देवी प्रसाद अहिरवार ओम प्रकाश शर्मा, धीरेंद्र ,धीरज विकास ,पुरुषोत्तम भुवन अहिरवार ,अनिल अहिरवार राज किशोर अहिरवार रहे। कार्यक्रम में काफी संख्या में माताएं बहने युवा साथी वरिष्ठ जन शामिल हुए।

## करियर मेला कार्यक्रम में नगर निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर ने किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

**विद्यार्थियों को दीपक बनने का प्रयास करने, अर्थात समाज और देश के लिए प्रकाश फैलाने वाला नागरिक बनने की प्रेरणा दी - बखत सिंह ठाकुर थाना प्रभारी अजयगढ़**



**अजयगढ़।** तहसील अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी में आयोजित करियर मेला कार्यक्रम के अंतर्गत आज अजयगढ़ नगर निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को करियर से संबंधित महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। अपने उद्बोधन में नगर निरीक्षक श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। मिट्टी से ही चिलम भी बनती है और दीपक भी यह हमारे प्रयास, संस्कार और दिशा पर निर्भर करता है कि हम क्या बनते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को दीपक बनने का प्रयास करने, अर्थात समाज और देश के लिए प्रकाश फैलाने वाला नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उनके प्रेरक विचारों से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से उनके विचारों को सुना और आत्मसात किया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अब्दुल अफजल खान, महेश पटेल,करियर नोडल सुरेंद्र लोध, कमलेश लोध, विकाश कोरी, रामप्रकाश अहिरवार, सहायक करियर नोडल सौरभ मिश्रा एवं हिमांशु तिवारी जी का विशेष योगदान रहा।

## गुनौर संकट मोचन मंदिर से हनुमान जी का मुकुट चोरी, श्रद्धालुओं में आक्रोश



**गुनौर।** गुनौर नगर स्थित प्रसिद्ध संकट मोचन मंदिर में करीव 11 बजे सुबह अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए हनुमान जी का मुकुट चोरी कर लिया। सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे पुजारी और श्रद्धालुओं ने जब भगवान हनुमान के विग्रह से मुकुट गायब देखा तो पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्र हो गए और चोरी की इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश जताया। श्रद्धालुओं का कहना है कि संकट मोचन मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि नगर की पहचान भी है, ऐसे में मंदिर में हुई चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले की जानकारी गुनौर थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर मुकुट बरामद किया जाएगा।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास एक बार फिर सुर्खियों में, रसोइयों की मनमानी से त्रस्त बच्चियों ने भगवान से लगाई गुहार

**छात्रावास की बच्चियों का अनोखा कदम, शिव मंदिर में जाकर दिया अपना शिकायती आवेदन**

गुनौर

नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास गुनौर एक बार फिर गंभीर आरोपों को लेकर सुर्खियों में आ गया है। छात्रावास में पदस्थ रसोइयों द्वारा लगातार की जा रही मनमानी और भोजन व्यवस्था में भेदभाव के आरोपों के बाद भी जब शासनदृप्रशासन इस लापरवाही पर रोक लगाने में नाकाम रहा, तो मजबूर होकर बच्चियों ने अनोखा कदम उठाया।





छात्रावास की बच्चियां अपनी शिकायत लेकर शिव मंदिर पहुंचीं और भगवान के सामने अपनी पीड़ा रखी। बच्चियों का कहना है कि रसोइया भोजन बनाने में भेदभाव करती हैंकृअपने लिए अलग और अच्छा खाना बनाया जाता है, जबकि छात्राओं को घटिया और बेस्वाद भोजन परोसा जाता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो व्यवस्था में सुधार हुआ और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई की।

बच्चियों का दर्द छलका छात्राओं ने बताया कि खराब भोजन के कारण उनकी सेहत पर भी असर पड़ रहा है, लेकिन उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है। प्रशासनिक लापरवाही से आहत होकर उन्होंने मंदिर में भगवान से न्याय की गुहार लगाई, ताकि उनकी आवाज कहीं तो सुनी जाए।

इस पूरे मामले ने एक बार फिर छात्रावास प्रशासन और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिन नन्हीं बच्चियों के संरक्षण और पोषण की जिम्मेदारी शासन की है, वही बच्चियां जब मंदिर में जाकर शिकायत करने को मजबूर हों, तो यह व्यवस्था की असफलता को दर्शाता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस भावनात्मक और संवेदनशील घटना के बाद प्रशासन जागता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में बच्चियों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## ज्वाला देवी बस्ती में आज होगा वृहद हिंदू सम्मेलन

**संतों के सान्निध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन, तैयारियां हुई पूर्ण**

**अमानगंज।** नगर की मां ज्वाला देवी बस्ती में आज 1 फरवरी 2025 दिन रविवार को बृहद हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सकल हिंदू समाज मां ज्वाला देवी बस्ती, अमानगंज के तत्वावधान में संपन्न होगा। इस विशाल हिन्दू सम्मेलन में महामंडलेश्वर श्री आत्मानंद जी महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। साथ ही विभिन्न संतों, मातृशक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा समाज को हिन्दू धर्म, संस्कार और सामाजिक एकता का संदेश दिया जाएगा।

आयोजन के दौरान धार्मिक वातावरण के बीच विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, वहीं श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने शनिवार शाम 4रू00 बजे नगर एवं




आसपास क्षेत्र के समस्त हिंदू समाज से अपील की है कि वे परिवार सहित सम्मेलन में उपस्थित होकर इस धार्मिक व सामाजिक आयोजन को सफल बनाएं।

## श्री श्री 1008 श्री भगवान विश्वकर्मा मंदिर में प्रगटोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया

**पन्ना।** नगर के खेजड़ा मंदिर के पास श्री विश्वकर्मा भगवान मंदिर में बुधवार 31 दिसंबर को सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा का प्रगटोत्सव श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्रतिवर्ष माघ शुक्ल की त्रयोदशी तिथि को भगवान विश्वकर्मा जी का प्राकट्य मनाया जाता है इस पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिर प्रांगण में विशेष सजावट की गई और धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू हो गई थीं। दोपहर लगभग 1 बजे विधिवत हवन का आयोजन किया गया, जिसमें



पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गईं। हवन के पश्चात भगवान विश्वकर्मा की महाआरती संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति भाव और भगवान विश्वकर्मा जी के जयकारों से गूंज उठा। महाआरती के बाद खिजड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूप में ग्रहण किया। इस आयोजन में विश्वकर्मा समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और एक-दूसरे को प्रगटोत्सव की शुभकामनाएं दीं। आयोजन के माध्यम से समाज में धार्मिक एकता और परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया।

## विद्यार्थियों को प्रकृति, वन एवं जैव विविधता से प्रत्यक्ष रूप अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से कराया जा रहा जागरूक

**पन्ना।** उत्तर पन्ना में वन-परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत खंडियन हनुमान मंदिर के समीप मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के तत्वावधान में आज दिनांक 30/01/2026 को दूसरा अनुभूति कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस पर्यावरणीय एवं शैक्षणिक कार्यक्रम में माध्यमिक शाला देवपुर, माध्यमिक शाला देवगांव एवं माध्यमिक शाला किशनपुर के कक्षा 7वीं , 8वीं कुल 126 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति, वन एवं जैव विविधता से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना रहा। कैंप के दौरान मास्टर ट्रेनर्स मनीष रावत जी द्वारा विद्यार्थियों को खंडियन के हनुमान मंदिर के समीप पक्षी दर्शन कराया गया, जहां उन्हें विभिन्न पक्षी प्रजातियों, उनके आवास, भोजन श्रृंखला एवं पर्यावरण में उनकी भूमिका की जानकारी दी गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों को नेचर ट्रेल के माध्यम से वन क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना, वनस्पतियों, जीव-जंतुओं तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष अजयगढ़ श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य दिनेश भुर्जी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि वृंदावन पटेल उपस्थित रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमपुर, वन परिक्षेत्र अधिकारी रंलहंती पंकज दुबे प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल ओमकार मिश्रा साथ ही में वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष हरि सिंह बुंदेला एवं परिक्षेत्र सहायक नरदहा राजाराम कोंदर, परिक्षेत्र सहायक देवगांव श्री महीप रावत,परिक्षेत्र सहायक सिंहपुर भगवत आरख, वनरक्षक उमंग खरे, वनरक्षक अर्पित रूसिया, वनरक्षक रामखगेश पटेल एवं परिक्षेत्र धरमपुर के समस्त स्टाफ ने सहभागिता की और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के अनुभूति कैंप विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के साथ-साथ संरक्षण की भावना को मजबूत करते हैं। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय अनुभव रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, मास्टर ट्रेनर्स, शिक्षकों एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप



### किसान कल्याण वर्ष 2026 के अवसर पर निकाली गई मोटर साइकिल रैली, कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

छतरपुर। वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय छतरपुर में शनिवार को कृषक मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलेक्टर परिसर छतरपुर से प्रारंभ हुई। रैली का शुभारंभ कार्यालय कलेक्टर परिसर छतरपुर से कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया और रैली को रवाना किया। जो छत्रसाल चौराहा, स्टेडियम के सामने से होते हुए पुलिस लाइन, जेल रोड, संकट मोचन, किशोरी नदी बायपास, फुला देवी रोड, महोबा रोड, सेंट्रल स्कूल के सामने, आरटीओ ऑफिस, कृषि विभाग के सामने से गुजरते हुए बस स्टैंड, जवाहर रोड, आकाशवाणी चौराहा होते हुए पुनः कलेक्टर परिसर छतरपुर में संपन्न हुई। इस मोटर साइकिल रैली में जिले के विभिन्न विकासखंडों छतरपुर, नौगांव, राजनगर एवं बिजावर के कृषकों ने भाग लिया। रैली में लगभग 100 से 125 मोटर साइकिलों के साथ कृषकों की सहभागिता रही। रैली के दौरान मोटर साइकिलों के पीछे बैठे कृषकों द्वारा तख्ती, झंडा एवं बैनर के माध्यम से किसान कल्याण से जुड़े नारे लगाए गए, जिससे किसानों के हित में संचालित योजनाओं के प्रति जनजागरूकता बढे। यह आयोजन किसानों के सम्मान, सशक्तिकरण एवं कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### थाना गुलगंज में आईजी एवं विधायक द्वारा पुलिस बैरक एवं पार्क का किया गया लोकार्पण

छतरपुर। थाना गुलगंज में नवनिर्मित पुलिस बैरक भवन एवं पुलिस पार्क का लोकार्पण शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन श्रीमती डॉ. हिमानी खन्ना, पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन एवं विधायक बिजावर राजेश शुक्ला द्वारा किया गया। लोकार्पण उपरांत पुलिस पार्क में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में फलदार एवं छायादार पौधों—आम, जामुन, अमरूद, संतरा, इमली, कटहल एवं **आंवला—का वृक्षारोपण किया गया।** नवनिर्मित पुलिस बैरक भवन एवं पुलिस पार्क के निर्माण में क्षेत्रीय विधायक एवं जन सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिससे पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधाएं एवं आमजन को एक उपयोगी सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हो सका है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले, एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा, थाना प्रभारी गुलगंज उप निरीक्षक अर्पित परासर, उप निरीक्षक गुरुदत्त शेषा सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# करीब एक सप्ताह बाद भी पेप्टेक सिटी की लाखों की चोरी खुलासा में पुलिस के हाथ खाली

**वीडियो भी वायरल हो रहा है चोर कॉलोनी के पिछले हिस्से से घुसे थे क्योंकि वहां पर निर्माण कार्य चल रहा था**

छतरपुर

थाना सिविल लाईन के अंतर्गत देरी रोड़ स्थित पेप्टेक सिटी में 25 जनवरी के दरमियानी रात किरण सक्सेना और अशोक गुप्ता के घर से लाखों रूपए की चोरी हुई थी तथा चार पांच मकानों के ताले तोड़े गए थे और कुछ मकानों में टार्च की रोशनी भी लगाई गई थी। सिविल लाईन थाना पुलिस ने चोरी की दोनो घटनाओं पर मामला अज्ञात चोरो के विरूद्व दर्ज तो कर लिया, लेकिन एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ लाखों की चोरी के कोई सुराग नही लगे है। जबकि प्राइवेट कैमरों से लिए गए सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि 5 लड़के नकाब में दिख रहें है, तो वहीं कुछ कैमरे में कुछ बिना नकाब के भी दिख रहे है, लेकिन पुलिस ने इस सीसीटीवी फुटेज को






शायद कोई ज्यादा महत्व नहीं दिया है। जबकि इस तरह का बीडियो भी वायरल हो रहा है चोर कॉलोनी के पिछले हिस्से से घुसे थे क्योंकि वहां पर निर्माण कार्य चल रहा था और वहीं का यह बीडियो वायरल हो रहा है। चोरी की इन घटनाओं के बाद हालांकि पीछे की रास्ता बंद कर दी गई है। अगर पुलिस सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत सक्रिय चोर गिरोह के सदस्यों को उठाकर पूछताछ करती, तो शायद पेप्टेक सिटी की चोरी का अभी तक खुलासा हो सकता था। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पुलिस ने ऐसे किसी गिरोह के सदस्य को पूछताछ के लिए थाने नही बुलाया है। एक सप्ताह में चोरी का सुराग न लगने पर कॉलोनी वासियों में दहशत फैली हुई है और अब लोग यह भी चर्चा कर रहें है कि क्या कवर्ड कॉलोनियों में भी लोग सुरक्षित नहीं है। जबकि इन कॉलोनियों मे भी 24 घंटे गार्ड की डयूटी रहती है और पुलिस की गश्त भी निर्धारित है, लेकिन गश्त के संबंध में लोगो का कहना है कि कभी गश्त नहीं देखी जाती है सिर्फ कागजों में गश्ती दल चल रहे है। जिसके कारण चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। चोरी की घटना के संबंध मेंजब सीएसपी अरूण सोनी के मोबाईल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मोबाईल रिसीव नही किया।

## परीक्षा शुरू होने के 10 दिन पहले 16 वर्षीय 11 वीं कक्षा के छात्र ने खाया जहर, हुई मौत

छतरपुर।

**छात्रों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रखने के लिए प्रशासन द्वारा स्कूलों में काउसिलिंग कराई जाती है। ताकि बच्चे पढाई के दबाव में कोई आत्मघाती कदम ना उठा सकें। लेकिन इसके बावजूद भी बिजावर क्षेत्र में रानीताल अधियारा गांव के एक 16 बर्षीय छात्र ने परीक्षा से 10 दिन पहले ही आत्मघाती कदम उठा लिया।**

जिससे पूरा परिवार सदमे में आ गया। छात्र ने यह आत्मघाती कदम किसी दबाव या परेशानी के चलते उठाया या फिर अन्य कोई कारण है। इस संबंध में बिजावर थाना पुलिस जांच पड़ताल करने में लगी हुई है। जानकारी के अनुसार ग्राम रानीताल अर्धीयारा निवासी अरमान सिंह उम्र 16 वर्ष जो 11वीं कक्षा का छात्र था और पढाई में भी काफी होशियार था। उसकी 11वीं की परीक्षा 10 फरवरी से शुरू होने बाली थी और वह अपनी परीक्षा की तैयारियों में लगा हुआ था लेकिन शनिवार की सुबह 5 बजे उसने आत्मघाती कदम उठाते हुए अपने बड़े पापा जीतेन्द्र सिंह से कहा की मुझे बचा लो मैने दबा खा ली मैं मरना नहीं चाहता हूँ, इतना कहकर वह बेहोश हो गया। यह सुनते मृतक अरमान सिंह के बड़े पापा जीतेन्द्र सिंह जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे लेकिन जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया लेकिन होनी को कोन टाल सकता है और अरमान को बचाया नहीं जा सका। अरमान की मौत की खबर लगते ही परिवार के लोग गहरे सदमे में आ गए। क्योंकि अरमान के पिता बचपन में ही चल बसे थे। और वह अपने बड़े पापा के साथ ही रहता था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की, लेकिन परिजन ऐसा कोई कारण नहीं बता पाए जिस कारण अरमान को यह आत्मघाती कदम उठाना पडे। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर परिजनों को सौंप दिया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ताकि इस बात का पता चल सके कि परीक्षा के 10 दिन पहले ही अरमान ने इस तरह का कदम क्यों उठाया। पुलिस यह जांच कर रही है कि कहीं किसी दबाव या परेशानी में तो नही था मृतक अरमान। जांच के बाद स्पष्ट होगा फिलहाल इस घटना ने पूरे परिवार के साथ साथ गांव को लोगो को झकझोर दिया है।

## पद्मश्री डॉ. अवध किशोर जड़िया की बुंदेली कविताओं ने मोहा मन, ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा

**छतरपुर। शहर के ऑडिटोरियम में उत्तर मध्य क्षेत्र संस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं जिला प्रशासन छतरपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय सांस्कृतिक विरासत कला उत्सव की चौथी शाम कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। शाम करीब 7 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम ने बुंदेलखंड की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और लोकसंस्कृति को जीवंत कर दिया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद डॉ. राजेंद्र दीक्षित,डॉ. प्रीति रैना, जिला बार संघ अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान,महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय कार्य परिषद सदस्य नीरज भार्गव केयर इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर मनीष दोसाज मंचासीन रहे। अतिथियों ने बुंदेली भाषा और साहित्य को संरक्षित व संवर्धित करने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे।

कवि सम्मेलन के मुख्य आकर्षण बुंदेलखंड की शान, पद्मश्री से सम्मानित बुंदेली कवि एवं साहित्यकार डॉ. अवध किशोर जड़िया रहे। उन्होंने अपनी बुंदेली कविताओं के माध्यम से बुंदेलखंड की माटी, संस्कृति, संघर्ष और संवेदनाओं को शब्दों में पिरोकर प्रस्तुत किया। उनकी रचनाओं ने श्रोताओं के दिलों को छू लिया और पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गूंज से भर उठा।बुंदेली संस्कृति और विरासत को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हम कवि बुंदेली बानी के, झांसी की रानी के,रामलला जित सांचे राजा ओरछा रजधानी के, हम कवि बुंदेली बानी के।

कवि सम्मेलन में अन्य प्रतिष्ठित कवियों ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। प्रयागराज से शैलेंद्र मधुर ने रचना पाठ करते हुए कहा हम हैं शंकर जहर ही पीते हैं, हम फटे ख्वाब रोज सींते हैं। हम हैं सीमा पै गोलियां खाते, हम तिरंगे का दर्द जीते हैं। ग्वालियर से पधारे हास्य व्यंग्य के कवि के. के. पांडे ने भ्रष्टाचार एवं बेरोजगार पर केंद्रित रचना पाठ कर श्रोताओं को गुदगुदाया। कवि सम्मेलन के संचालक ओज कवि अभिराम पाठक ने अपनी चर्चित एवं प्रतिनिधि कविता भगत सिंह की फांसी का पाठ किया। मौलाना हारून अना कासमी ने गजल पढ़ते हुए कहा - कम लोग हैं जो सच्ची इबादत में लगे हैं।

ऐसे तो बहुत हैं कि जो आदत में लगे हैं ।।

महोबा सेआये शायर आमिल हबीबी ने कहा- फूल के गालों का चुम्बन खुशबुएं लेती रहीं, तितलियों के स्वप्न का अभिसार खंडित हो गया।

हिंदी गजल के सशक्त हस्ताक्षर वीरेंद्र खरे अकेला ने गजल पढ़ते हुए कहा-छूना नहीं है चांद को तकना है दूर से, बस इल्तिजा यही है हमारी हुजूर से। युवा शायर शबीह हाशमी ने कहा-वसीयत में करा लो मुझसे, अपनी जान कर दूंगा।

## यूजीसी बिल के समर्थन में ओबीसी महासभा का प्रदर्शन
# राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

छतरपुर

**शनिवार दोपहर करीब 2 बजे ओबीसी महासभा द्वारा यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) बिल के समर्थन में शहर में प्रदर्शन किया गया। मेला ग्राउंड से शुरू हुआ यह प्रदर्शन पैदल मार्च के रूप में डाकखाना चौराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों से संबंधित राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी को ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।**



प्रदर्शन के दौरान ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत यूजीसी बिल उच्च शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यह बिल विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए समान शैक्षणिक मानक स्थापित करने, अनुदान व मान्यता प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने में सहायक होगा। महासभा ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए यूजीसी बिल के क्रियान्वयन में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय एवं सहयोग आवश्यक है। साथ ही राज्यों की शैक्षणिक आवश्यकताओं और सामाजिक संरचना का सम्मान किया जाना चाहिए। ओबीसी महासभा ने यह भी कहा कि सामाजिक न्याय, आरक्षण और समान अवसर की स्पष्ट गारंटी के साथ यह बिल भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाएगा। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। महासभा ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, यूजीसी अध्यक्ष, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर यूजीसी बिल को लागू करते समय वंचित वर्गों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहा और प्रशासन ने ज्ञापन स्वीकार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# गौतम होटल के मैनेजर एवं संचालक पर 16 लाख का जुर्माना

**दो प्रकरणों में खाद्य पदार्थों के नमूना जांच उपरांत असुरक्षित एवं अवमानक पाए जाने पर हुई जुर्माने की कार्यवाही**

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा गौतम होटल खजुराहो के खाद्य पदार्थों के नमूने जांच उपरांत असुरक्षित एवं अवमानक पाए जाने पर दो प्रकरणों में कुल 16 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कलेक्टर छतरपुर के निर्देशन में होटल में सैंपलिंग की कार्यवाही की गई थी। एडीएम एवं न्याय निर्णयन अधिकारी द्वारा 05 जनवरी 2026 को पारित आदेश में बताया गया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी छतरपुर द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 (2) (व्ही) का उल्लघंन, 58 के तहत दण्डनीय, 27 (1) का उल्लंघन है 55, 58 के तहत दंडनीय, 26 2(व्ही), 27(1) का उल्लंघन, 56 के तहत दण्डनीय है। जिसके विरुद्ध अनावेदक मैनेजर अजय कुमार मिश्रा एवं संचालक संचालक गौतम होटल एण्ड रिसोर्ट के विरूद्ध खाद्य पदार्थ में वर्मी सिली सिमई, सूची उपमा, आलू पराठा, दही, रियल फ्रूट ज्यूस, कॉफी, चाय के पाऊच का सेंपल लिया जाकर राज्य खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भोपाल को परीक्षण हेतु भेजा गया था। नमूना जांच उपरांत असुरक्षित एवं अवमानक पाया गया।

विक्रय हेतु प्रतिबंधित होने के बाद भी उसका विक्रय किया जाना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लंघन है। आरोपी के उक्त कृत्य के लिये खाद्य सुरक्षा अधिनियिम अंतर्गत असुरक्षित एवं अवमानक खाद्य पदार्थ का विक्रयार्थ संग्रहण एवं विक्रय करने के आरोप में संबंधित दोनों आरोपी पर 4-4 लाख रूपए अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की गई।

इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में पारित आदेश में अनावेदक मैनेजर अमित श्रीवास एवं संचालक संचालक गौतम होटल एण्ड रिसोर्ट के विरूद्ध खाद्य पदार्थ भोजन निर्माण में रॉ मटेरियल (आटा रिफाईड सोयाबीन आइल, टाटा साल्ट, गोल्डी रेड चिल्ली पाउडर, गोल्डी टरमिनिक पाउडर, गोल्डी कोरिडर पाउडर, एवरेस्ट गरम मसाला, एवरेस्ट कश्मीरी रेड चिल्ली से तैयार सब्जी सेंपल लिया जाकर राज्य खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भोपाल को परीक्षण हेतु भेजा गया था। नमूना जांच उपरांत सब्जी (धनिया मिर्च गरम मसाला आलू गोभी टमाटर से निर्मित) असुरक्षित घोषित किया गया, धनिया पाउडर असुरक्षित पाया गया।

विक्रय हेतु प्रतिबंधित होने के बाद भी उसका विक्रय किया जाना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लंघन है। आरोपी के उक्त कृत्य के लिये खाद्य सुरक्षा अधिनियिम अंतर्गत असुरक्षित खाद्य पदार्थ का विक्रयार्थ संग्रहण एवं विक्रय करने के आरोप में उक्त दोनों आरोपी पर 4-4 लाख रुपए अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की गई।

# शादी का झांसा देकर 19 वर्षीय युवती से 7 दिन तक जंगल में गैंगरेप

**चंदला। थाना क्षेत्र अंतर्गत बछौन चौकी के ग्राम बिलहरी में एक बेहद संगीन सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जो तीन महीने बीत जाने के बावजूद न्याय की उम्मीद नहीं जगा पा रहा। 19 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर जंगल में ले जाकर सात दिनों तक चार लोगों द्वारा कथित तौर पर गैंगरेप किया गया, लेकिन पुलिस ने अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने की धमकी दी, जिससे दहशत में पूरा परिवार गांव छोड़कर लवकुशनगर में शरण लेने को मजबूर हो गया।**

**पुलिस का दावा : युवती वीडियो में शिकायत नहीं चाहती, पीड़ित पक्ष ने भाजपा पदाधिकारी पर लगाया दबाव का आरोप**

पीड़िता के पिता ने बताया कि 26 अक्टूबर को गांव का ही एक शादीशुदा युवक शादी का लालच देकर उनकी बेटी को घर से ले गया। उसके बाद उसे करतल-नरैनी के जंगलों में ले जाकर तीन अन्य आरोपियों के साथ मिलकर लगातार सात दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया गया। 31 अक्टूबर को दबाव बनाकर समाज के एक युवक से जबरन विवाह करवा दिया गया। घर लौटने पर युवती ने पूरी घटना परिवार को बताई। इसके बाद आरोपियों ने शिकायत वापस न लेने पर पीड़िता की मां और भाभी को निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाने की धमकी दी। लगातार मिल रही धमकियों के चलते परिवार गांव छोड़कर चला गया।

पीड़ित परिवार ने बछौन चौकी, चंदला थाना और एसपी कार्यालय तक लिखित शिकायतें दीं, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। परिवार का आरोप है कि गैंगरेप जैसे गंभीर मामले को पर्दे के पीछे से भाजपा के एक मंडल स्तर के पदाधिकारी का दबाव है और समझौते के लिए कहा जा रहा है। पीड़िता के भाई ने बताया कि घटना के दौरान बहन का फोन आया था, जिसमें वह रोते हुए कह रही थी, भैया मुझे बचा लो, मेरे साथ रोज ज्यादती हो रही है। इसके बाद अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमतपुर चौकी पुलिस की मदद से युवती को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया गया।

परिवार का कहना है कि पुलिस ने पीड़िता के बयान और वीडियो मनमुताबिक बनाए, धारा 164 के तहत न्यायालय में बयान नहीं कराया गया, जिससे निष्पक्ष जांच पर सवाल खड़े हो रहे हैं। काउंसलिंग भी नहीं हुई और मामले को दबाया जा रहा है।

### इनका कहना है -

चंदला थाने में गुमशुदगी दर्ज थी, जिसे पुलिस ने दस्तयाब किया। दस्तयाबी में युवती ने अपनी इच्छा से शादी करना और पति के साथ रहना बताया। इस दौरान युवती के परिजन भी मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि उनके पास युवती का वीडियो है, जिसमें वह कोई कार्यवाही नहीं चाहती, जांच चल रही है।

**नवीन दुबे**
एसडीओपी, लवकुशनगर




### खजुराहो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आया मनोरोगी युवक, ट्रेन से कटकर मौत

**बमीठा।** खजुराहो रेलवे स्टेशन पर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। इलाज के बाद घर लौट रहे एक अद्र्धविक्षिप्त युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील अनुरागी (उम्र 28 वर्ष) पुत्र जोरा अनुरागी निवासी डुमरा थाना महराजपुर, जिला छतरपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार सुनील अनुरागी ग्वालियर में अपना मानसिक इलाज करवाकर लौट रहे थे। वे थाना खजुराहो रेलवे स्टेशन पर उतरे थे। स्टेशन से निकलते समय किसी अनजान कारण से वे चलती ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। ट्रेन से कटने के कारण उनकी लाश क्षत-विक्षत हो गई, सर अलग हो गया और शरीर रेल पटरी पर पड़ा मिला।

मृतक की पत्नी हीरा अनुरागी ने जब पति काफी देर तक घर नहीं लौटे तो वे चिंतित होकर खोजबीन करने रेलवे स्टेशन पहुंचीं। आउटर सिग्नल की ओर रेल पटरी पर पति की कटी हुई लाश देखकर वे सदमे में आ गईं। उन्होंने तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी। आरपीएफ ने जीआरपी को जानकारी दी। जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए राजनगर स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह दुर्घटना मानी जा रही है, क्योंकि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और संभवतः ट्रैक पर अनजाने में आ गए होंगे।

## नवनिर्मित ट्रैफिक पार्क का लोकार्पण के अगले दिन बच्चों का आना शुरू

**छतरपुर। आज थाना यातायात परिसर छतरपुर में यातायात जागरूकता के उद्देश्य से नवनिर्मित ट्रैफिक पार्क के लोकार्पण के अगले दिन शहर के स्कूलों के छात्र छात्राओं का भ्रमण शुरू हुआ, शनिवार को बचपन प्ले स्कूल के नन्हे मुन्हें छात्र यातयात पार्क पहुंचे जिन्हें यातयात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने उन्हें खेल खेल में यातायात नियमों की जानकारी दी।**



नवनिर्मित ट्रैफिक पार्क में जन सामान्य, विशेषकर बच्चों एवं युवाओं को यातायात नियमों की व्यवहारिक जानकारी देने हेतु यातायात संकेतक, सिग्नल लाइट, बस स्टैंड, स्कूल, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, रोड क्रॉस, डू नॉट क्रॉस, ज़ेबरा क्रॉसिंग, फुटपाथ, रोड सेफ्टी, स्पीड लिमिट, टर्निंग, सकरी सड़क, पुलिया एवं गलियों से संबंधित मॉडल, बोर्ड एवं बैनर प्रदर्शित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, ट्रैफिक पार्क में चित्रकारों द्वारा बनाई गई आकर्षक चित्रकारी के माध्यम से हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने, मोबाइल फोन पर बात न करने, गलत तरीके से ओवरटेकिंग न करने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़े। वेस्ट टू बेस्ट अभियान के अंतर्गत कबाड़ की वस्तुओं का उपयोग कर पार्क में दोपहिया वाहन, साइलेंसर गेट आदि आकर्षक संरचनाओं का निर्माण भी किया गया है। ट्रैफिक पार्क भ्रमण करने आए स्कूल के बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

खबर संक्षेप

## कबाड़ व्यापारियों पर फिल्मी स्टाइल से हमला, वारदात का वीडियो वायरल

रीवा। जिले के पनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत रामबाग के समीप कावड़ व्यवसाई दो भाइयों के ऊपर प्राण घातक हमला कर दिया। घटना के दौरान दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए परिजनों द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भर्ती कराया गया है जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है, घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक अतीक अहमद और सफीक अहमद दोनों भाई है जो कबाड़ का व्यवसाय करते हैं 27 जनवरी की रात्रि तकरीबन 8 बजे दोनों भाई पिकअप वाहन में कबाड़ लेकर बिक्री करने जा रहे थे,इसी दौरान रामबाग के समीप आधा दर्जन की संख्या में युवको ने पिकअप को रोक लिया और दोनों भाइयों को वाहन से उतर कर फिल्मी स्टाइल में जमकर मारपीट की और दोनों भाइयों को पुलिया के नीचे फेंक दिया,इस दौरान वारदात में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए लखनऊ में भर्ती कराया गया है जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है वारदात के दौरान कुछ लोगों द्वारा वीडियो भी बनाया गया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, वीडियो में नजर आ रहा है कि आरोपियो ने दोनों भाइयों के ऊपर किस तरह प्राण घातक हमला किया हैं घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कर दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री का रीवा एयरपोर्ट पर किया गया आत्मीय स्वागत



रीवा । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे। रीवा एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री का उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद सतना गणेश सिंह, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

## छात्राएं हुई हादसे का शिकार, तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर तीन घायल

रीवा ।सिटी कोतवाली के निपनिया चौराहे की घटना अनियंत्रित कार ने बाइक सहित साइकिल से जा रही दो छात्राओं को टक्कर मार दी। बता दे तेज रफ्तार कार ने बाइक सहित साइकिल से जा रही दो छात्राओं को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सहित चालक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में बताया गया कि शुक्रवार की शाम कार रीवा शहर के निपनिया चौराहे की तरफ आ रही थी।

### प्रदेश के विकास और विरासत को नई ऊँचाई : मुख्यमंत्री ने गुढ़ में किया भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण

# भैरवनाथ मंदिर अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र : मुख्यमंत्री




रीवा । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और आधुनिक विकास के समन्वय को एक नई दिशा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जहाँ एक ओर आस्था के केंद्रों को भव्य स्वरूप दे रही है, वहीं दूसरी ओर लाड़ली बहनों की आर्थिक मजबूती और किसानों की समृद्धि के साथ 'इंडसट्रियल क्लस्टर' के जरिए युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा के गुढ़ में भैरवनाथ मंदिर का विधिवत लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धा भाव से ओत-प्रोत होकर कहा कि भैरवनाथ मंदिर एक अद्भुत और अलौकिक स्थान है, जिसका प्राकृतिक सौंदर्य अपने भीतर एक हजार साल पुराना गौरवशाली इतिहास समेटे हुए है। उन्होंने मंदिर में स्थापित दिव्य प्रतिमा की महत्ता बताते हुए कहा कि बाबा भैरवनाथ की यह भव्य प्रतिमा ऐसी प्रतीत होती है मानो वे अपने दोनों हाथ उठाकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हों। यह न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि हमारी प्राचीन विरासत का जीवंत प्रमाण भी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की आर्थिक समृद्धि का खाका खींचते हुए लाड़ली बहनों और अन्नदाताओं के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि लाड़ली बहना योजना की राशि को एक हजार रुपये से बढ़ाकर अब 1500 रुपये तक पहुँचा दिया गया है, जो महिलाओं के स्वावलंबन में मील का पत्थर साबित हो रही है। किसानों को 'अन्न भंडार भरने वाला' बताते हुए उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के संयुक्त प्रयास से किसानों को अब 12 हजार रुपये की वार्षिक सहायता सीधे उनके खातों में मिल रही है। साथ ही, बेहतर विद्युत व्यवस्था और सोलर पंपों की उपलब्धता ने किसानों की खेती को सुगम और लाभप्रद बना दिया है। हम इस वर्ष किसान वर्ष मना रहे हैं। किसान को समृद्ध करने और खेती के विकास में सरकार पूरा सहयोग करेगी।समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गुढ़ क्षेत्र के लिए भैरवनाथ और कष्टहरनाथ मंदिर आस्था के केन्द्र हैं। गुढ़ में सोलर प्लांट स्थापना के बाद उसके सीएसआर मद से इन दोनों मंदिरों में विकास के कार्य किए गए हैं। गुढ़ में तीन सौ एकड़ क्षेत्र में औद्योगिक विकास केन्द्र स्थापित किया गया है। रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव से विन्ध्य में तेजी से निवेश बढ़ा है। भैरवनाथ लोक के लोकार्पण के साथ-साथ मुख्यमंत्री जी संजय गांधी हास्पिटल में 322 करोड़ रुपए की लागत के विस्तारीकरण कार्य और 200 बेड कैंसर हास्पिटल का शिलान्यास भी करने जा रहे हैं। अब विन्ध्य के कैंसर रोगियों को उपचार के लिए बड़े महानगर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विन्ध्य का पूरे देश में नाम हो रहा है। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि भैरवनाथ लोक के निर्माण के साथ ही नए युग का सूत्रपात हो रहा है। सांसद ने मुख्यमंत्री जी से विन्ध्य की लंबित सिंचाई परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूरा कराने का अनुरोध किया। समारोह में स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने क्षेत्र के विकास के संबंध मं् विभिन्न मांगे रखीं। विधायक सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी और उप मुख्यमंत्री जी के विशेष प्रयासों से भैरवनाथ मंदिर का निर्माण हुआ है। मुख्यमंत्री ने कन्यापूजन करके बेटियों का सम्मान किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया तथा मेरिट में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, केपी त्रिपाठी, श्रीमती पन्नाबाई प्रजापति, पंचूलाल प्रजापति तथा स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव सिंह राजपूत, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संदीप पाण्डेय ने किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म की अद्भुत माया और इसकी वैश्विक व्यापकता है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। आज यह मंदिर हमारी आस्था और अलौकिक आनंद का केन्द्र है। प्राचीन मंदिरों को वर्षों तक आक्रमणकारियों ने नष्ट किया। आजादी के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों से सोमनाथ के मंदिर का भव्य का पुनर्निर्माण हुआ। हमारी सरकार धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में ओरछा, मैहर, चित्रकूट सहित 13 भव्य लोकों का निर्माण किया जा रहा है। विन्ध्य की पावन धरा सदैव से सनातन धर्म का केन्द्र रही है। विन्ध्य की गोद में बसे चित्रकूट में भगवान राम ने वनवास के 11 वर्ष से अधिक का समय बिताया। चित्रकूट में सरकार तीन हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों के साथ वनवासी रामलोक का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सांदीपनि विद्यालयों को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ी रहे। क्षेत्रीय विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुढ़ विधानसभा के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने गुढ़ और गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टमार्टम केंद्र की स्थापना तथा गोविंदगढ़ में एक्सरे मशीन की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की, जिससे स्थानीय निवासियों को चिकित्सा सेवाओं के लिए भटकना न पड़े। मुख्यमंत्री ने भैरवनाथ में पुलिस चौकी खोलने तथा गुढ़ में 100 एकड़ में औद्योगिक केन्द्र के विकास की घोषणा की। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा आर्थिक विकास होगा। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक विश्रामगृह के निर्माण की भी घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने भैरवनाथ मंदिर के समीप एक हजार गौवंश के लिए गौशाला निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भैरवनाथ मंदिर परिसर के विकास से जुड़े कार्य प्राथमिकता से कराये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा मेरी ससुराल है इसलिए यहाँ से मेरा विशेष नाता है।

## ट्राफिक इंचार्ज अनीमा शर्मा के विरोध में निकले नागरिक मंच संयोजक गिरफ्तार

### सीएम के सामने हल्ला बोल ज्ञापन देने जा रहे थे रामेश्वर गुप्ता, पुलिस ने रास्ते में रोका

रीवा। जिले में ट्राफिक इंचार्ज अनीमा शर्मा के कथित मनमाने और भ्रष्ट रवैये के विरोध में एक बार फिर माहौल गर्मा गया। गुढ के भैरव बाबा मंदिर में प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान काले कपड़े पहनकर विरोध दर्ज कराने और ज्ञापन सौंपने जा रहे नागरिक मंच के संयोजक व वरिष्ठ नागरिक रामेश्वर गुप्ता 'लल्लू' नेता को मनगवां पुलिस ने रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार, रामेश्वर गुप्ता देर रात करीब 3:30 बजे मनगवां से गुढ के लिए "हल्ला बोल" करते हुए पैदल रवाना हुए थे। करीब 12 किलोमीटर की दूरी तय कर वे उमरी व्यौहरा गांव तक पहुंच चुके थे, जहां से गुढ की दूरी लगभग 8 किलोमीटर शेष थी। इसी दौरान मनगवां पुलिस ने उन्हें रोककर हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद नागरिक मंच के संयोजक रामेश्वर गुप्ता ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि"यदि सरकार और प्रशासन गलत कार्यों को रोकने में असफल रहते हैं, तो लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है। हमारे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक विरोध को रोककर पुलिस ने अंग्रेज़ी शासनकाल जैसी कार्रवाई की है।" उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस थाने में बैठाकर उन्हें नजरबंद किया गया। पुलिस हिरासत में ही उन्होंने स्पष्ट किया कि रिहाई के बाद वे दोबारा ट्राफिक इंचार्ज अनीमा शर्मा की कथित मनमानी और भ्रष्ट आचरण के खिलाफ आंदोलन को और तेज करेंगे। रामेश्वर गुप्ता ने ट्राफिक इंचार्ज अनीमा शर्मा को "भ्रष्टाचार का सरगना" बताते हुए कहा कि उन्हें संरक्षण देने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही "लाल टेन पदयात्रा" निकालकर जिला मुख्यालय पहुंचकर एसपी कार्यालय के सामने धरना दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होती है, तो वे भोपाल जाकर डीजीपी को ज्ञापन सौंपेंगे और सीएम हाउस के सामने धरना देंगे। फिलहाल इस गिरफ्तारी को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चाएं तेज हैं, वहीं प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## जिस भू-स्वामी से खरीदी जमीन, वही बना दुश्मनः प्लॉट मालिकों से जबरन रास्ता निकालने का आरोप

रीवा। जिले में लगातार महंगी होती जमीन और बढ़ते लालच के चलते जमीनी विवादों के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। जमीन की खरीदी-बिक्री के बाद ही भू-स्वामी और खरीदार के बीच विवाद सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रीवा जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत धोचट गांव से सामने आया है, जहां प्लॉट बेचने वाले भू-स्वामी पर ही खरीदारों को परेशान करने और जबरन रास्ता निकालने का दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार धोचट गांव में दिलीप त्रिपाठी सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने कुछ वर्ष पूर्व संजीव शुक्ला से प्लॉट खरीदे थे। प्लॉट की रजिस्ट्री के समय भू-स्वामी द्वारा 25 फीट चौड़ा रास्ता भी दिया गया था, जिसका उपयोग सभी प्लॉट धारक और ग्रामीण लंबे समय से करते आ रहे थे। लेकिन अब कुछ वर्षों बाद वही भू-स्वामी संजीव शुक्ला अपने सहयोगियों के साथ मिलकर प्लॉट स्वामियों की जमीन से एक नया आम रास्ता निकालने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ितों का आरोप है कि भू-स्वामी और उनके साथियों द्वारा उन्हें लगातार डराया-धमकाया जा रहा है। इतना ही नहीं, जिस रास्ते से प्लॉट मालिक और ग्रामीण आवागमन करते थे, उसे खोदकर नाले का रूप दे दिया गया है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। इस कारण प्लॉट मालिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित राजीव मिश्रा सहित अन्य लोगों ने बताया कि संजीव शुक्ला और उनके परिजनों की लगभग चार एकड़ जमीन उनके प्लॉट के पीछे स्थित है। इसके अलावा उसी क्षेत्र में उन्होंने कुछ जमीन अन्य जमीन व्यवसाइयों को भी बेच दी है। अब उन जमीनों तक अलग रास्ता देने के लिए प्लॉट मालिकों की जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली और दबंग किस्म के लोग हैं, जिसके कारण विवाद की स्थिति लगातार बनी हुई है। मामले से परेशान प्लॉट मालिकों ने चोरहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है।

# मेडिकल हब बनेगा विंध्य, आने वाले दो वर्षों में प्रदेश में 50 मेडिकल कॉलेज हो जायेंगे - मुख्यमंत्री



### 350 करोड़ रूपये के कार्यों से चिकित्सा सुविधाओं में और वृद्धि होगी - उप मुख्यमंत्री

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरों के साथ ग्रामीण स्तर तक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के सभी कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। वर्ष 2003 से पूर्व जहां प्रदेश में सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज थे आने वाले दो वर्षों में प्रदेश में 50 मेडिकल कॉलेज हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में 350 करोड़ रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के श्यामशाह मेडिकल कॉलेज अन्तर्गत स्थापित अस्पतालों तथा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 2440 बेड हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि कैंसर यूनिट की स्थापना हो जाने से विन्ध्य अंचल के लोगों को कैंसर के इलाज के लिये बाहर नहीं जाना पड़ेगा उन्हें कैंसर की जांच के साथ ही बेहतर से बेहतर इलाज मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब वर्ग के लोगों व जरूरतमंदों को सुगम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की जिसकी बड़ी संख्या में मरीज लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और विविधता के देश को प्रधानमंत्री लगातार आगे ले जा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। डॉ. यादव ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व रीवा के विधायक राजेन्द्र शुक्ल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह रीवा एवं विन्ध्य को लगातार विकास के क्षेत्र में आगे ले जा रहे हैं। वह 24 घंटे क्षेत्र के विकास में अपनी जागरूक भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं इसी का परिणाम है कि रीवा व विन्ध्य हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण भी किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज का दिन रीवा के लिये सौगात का दिन है। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों के लिये 350 करोड़ रूपये के कार्यों से पुराने अस्पताल भवन, डॉक्टर्स क्वार्टस तथा अन्य आवश्यक कार्य कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रीवा में पहले सिर्फ 60 मेडिकल की सीटें थी तथा इसका काफी पुराना भवन हो गया था अब एमबीबीएस की सीटों के बढ़ाने के साथ ही नवीन कार्य व उपकरण बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये सौगात होंगे। उन्होंने कहा कि 200 विस्तर का कैंसर अस्पताल के बन जाने से जांच के साथ उपचार की सुविधा मिलने लगेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पुराने 5 मेडिकल कॉलेजों के नवीनीकरण कार्यों के लिये मुख्यमंत्री द्वारा धनराशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में रीवा व विन्ध्य में बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के सभी कार्य प्राथमिकता से किये जायेंगे। इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि आज का दिन स्वास्थ्य के मामले में कायाकल्प का दिन है। कैंसर यूनिट की स्थापना विन्ध्य वासियों के लिये सौगात होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देश व प्रदेश में मेडिकल कालेजों की स्थापना की जा रही है ताकि अधिक से अधिक चिकित्सक मिलें और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया हो सकें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी का ब्राहमाकुमारी संस्थान रीवा द्वारा दिव्य गुणों की माला पहनाई गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पार्षदगण, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल सहित चिकित्सक, स्थानीय जन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश भवन विकास निगम द्वारा श्याम शाह मेडिकल कॉलेज परिसर में नवीन चिकित्सा एवं आवासीय भवनों का निर्माण किया जा रहा है। जिनकी कुल परियोजना लागत 321.94 करोड एवं कुल क्षेत्रफल 1,17,000 वर्गमीटर है तथा इस परियोजना को पूर्ण करने हेतु 03 वर्षों का समय निर्धारित है। इस परियोजना के अंतर्गत 740 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु हॉस्पिटल, सर्व सुविधा युक्त 250 बिस्तरीय कैंसर युनिट, 200 बिस्तरीय ओपीडी ब्लॉक, नर्सिंग कॉलेज, नसिंग हॉस्टल तथा डॉक्टर एवं स्टाफ हेतु विभिन्न आवासीय भवनों का निर्माण किया जाना है एवं इसके अतिरिक्त अस्पताल परिसर में मल्टी लेवल पार्किंग तथा समस्त कैम्पस का सौंदर्गीकरण किया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही 25 करोड़ रूपये की लागत के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तारीकरण कार्य का भी भूमिपूजन हुआ।

# मुख्यमंत्री ने कृषक कल्याण वर्ष के लिए सभी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स को वीसी से दिए निर्देश

रीवा । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जो हम सबके अन्नदाता हैं, उनके दुख-दर्द की चिंता करना हमारा कर्तव्य है। किसानों का समग्र कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। यह सरकार के लिए एक मिशन है। सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है। किसानों का जीवन संवारने और इनकी बेहतरी के लिए पूर्ण समर्पित भाव से मिशन मोड में कृषक कल्याण वर्ष का बेहद प्रभावकारी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष के दौरान किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। किसान रथ चलाये जाएं। इनका शुभारंभ स्थानीय सांसद/विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से ही कराएं। उन्होंने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में किसानों से विभिन्न स्थानों पर को निरंतर संवाद करें। उन्हें ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर अधिकाधिक रकबे/मात्रा में मूंगफली और उड़द की फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करें। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करें। जलवायु, ऊर्जा एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए ई-विकास पोर्टल एवं किसानों को संतुलित मात्रा में भी उर्वरकों का उपयोग के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष मनाने में किसान कल्याण एवं कृषि विकास के नेतृत्व में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, जल संसाधन, सहकारिता, ऊर्जा, राजस्व, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कुटीर एवं ग्रामोद्योग सहित 15 से अधिक विभाग सक्रिय भूमिका निभायेंगे। पराली/नरवाई जलाने की घटनाओं पर लगाएं रोक, किसानों को जागरूक किया जाए कि वे खेत का भूसा गौशालाओं में पहुंचाएं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कलेक्टर्स किसानों से लगातार संवाद करते रहें। कृषक कल्याण वर्ष की तय गतिविधियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें।

# मऊगंज में सड़क सुरक्षा रथ को एएसपी विक्रम सिंह ने दिखाई हरी झंडी



मऊगंज। जिले मे सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार की शाम सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सड़क सुरक्षा रथ रवाना किया गया। जिला पुलिस मुख्यालय से शाम 4 बजे रवाना हुए इस रथ को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसडीओपी सचि पाठक सहित यातायात पुलिस का अमला मौजूद रहा। जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला पुलिस द्वारा यह विशेष पहल की गई है। "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" के संदेश के साथ निकला यह जागरूकता रथ जिले के सभी थाना क्षेत्रों, हाईवे, प्रमुख सड़कों और बाजार क्षेत्रों में पहुंचकर आम लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देगा। रथ के माध्यम से पोस्टर, बैनर और ऑडियो संदेशों द्वारा हेलमेट, सीट बेल्ट, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, गति सीमा और सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़े नियमों की जानकारी दी जाएगी।यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह ने बताया कि मऊगंज नया जिला है और यहां यातायात नियमों को लेकर जागरूकता की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर नाबालिग बच्चे बिना लाइसेंस बाइक, ऑटो, ई-रिक्शा, कार तक चलाते देखे जा रहे हैं, जो दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रहे हैं। राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने आमजन से अपील की कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें। साथ ही यातायात संकेतों का पालन करें और निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं। जिला पुलिस द्वारा जेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड ब्रेकर पर सफेद पट्टी और जागरूकता पोस्टर भी लगाए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ चालानी कार्रवाई नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना और सुरक्षित सड़क व्यवस्था बनाना है।